एक नजर में

कलेक्टर के आदेश अनुसार नगर परिषद महेश्वर द्वारा कचरा फेंकने वालों पर की चलानी कराई

महेश्वर नि प्र। खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा स्वच्छता की बैठक के दिशा निर्देश अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या द्वारा रात्रि भ्रमण कर निरीक्षण किया गया जिसमें बॉम्बे शोरूम, घर संसार सेल, महारानी साड़ी सेंटर, केशवी बर्तन की दुकान के सामने कचरा पाए जाने पर नगर परिषद महेश्वर राजस्व शाखा द्वारा चालानी कार्रवाई की गई जिसमें राजस्व शाखा से राजस्व निरीक्षक उदय नाहर, वीरेंद्र कपीले, प्रकाश चंद्र शर्मा, दरोगा विक्रम शिंदे ,पंकज वेद सहित कर्मचारी उपस्थित है उक्त चालानी कार्रवाई की जानकारी देते हुए नगर परिषद महेश्वर अध्यक्ष श्रीमती अलका गजराज यादव द्वारा आम नागरिक से अपील की गई कि अपने दुकान का कचरा बाहर न फेक और ना ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करें

नर्मदा घाट पर नगर परिषद एवं राजस्व विभाग का स्वच्छता श्रमदान



महेश्वर नि प्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के आदेशानुसार आयोजित स्वच्छता बैठक के तहत नगर परिषद महेश्वर एवं तहसील राजस्व कार्यालय द्वारा नर्मदा घाट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी सुश्री पूर्वा मंडलोई, तहसीलदार श्री कैलाश सस्तिया एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्री प्रियंक पंड्या ने घाट पर स्वच्छता संबंधी संदेश देते हुए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। नगर परिषद महेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती अलका गजराज यादव ने नगरवासियों से प्रतिदिन स्वच्छता श्रमदान में सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान जनप्रतिनिधि पार्षद विक्रम यादव, दिनेश यादव, स्वप्निल गुप्ता, तहसील कार्यालय से पटवारीगण, नगर परिषद से दरोगा विक्रम शिंदे, घाट प्रभारी पंकज वेद सहित सफाई मित्र एवं नागरिक मौजूद रहे।

डोल ग्यारस पर सजा भगवान कृष्ण का डोला

कसरावद। अरिहंत नगर स्थित शिव मंदिर और हनुमान मंदिर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस पर भगवान श्रीकृष्ण का भव्य डोला सजाकर निकाला गया। आकर्षक श्रृंगार से सजे डोले ने नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। डोला अरिहंत नगर व हरसिद्धि धाम कॉलोनी से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरा, जहाँ श्रद्धालुओं ने दीप सजाकर और पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। पंडित राजेंद्र खोड़े ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अठारहवें दिन माता यशोदा ने बाल कृष्ण का जल पूजन (घाट पूजन) किया था। तभी से यह तिथि डोल ग्यारस के नाम से जानी जाती है। जलवा पूजन के बाद ही शुभ संस्कारों की शुरुआत की जाती है। कई स्थानों पर इसे सूरज पूजा के रूप में भी मनाया जाता है। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और माता यशोदा का विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

बिस्टान नि प्र । भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जलझूलनी एकादशी कहा जाता है ।इसे परिवर्तनी एकादशी व डोल ग्यारस के नाम से भी जाना जाता है डोल ग्यारस पर भगवान के डोल (पालकी) निकाली गई । समाज सेवी गबु पटेल ने बताया की श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकलने वाला डोल डेरेश्वर मंदिर, चक्की चौक, नगर भ्रमण करते हुए ।नगर की जीवन दायिनि इंद्रावती नदी पर पहुंचे वहां पर भगवान का स्नान कर जलवाय पूजन आरती कर पुन: मंदिर लाया गया ।डोल ग्यारस को लेकर बुधवार सुबह से नगर के मंदिरों में भक्तों की आवा जाई रही ।इस दिन शाम को भगवान श्री कृष्ण को पालकी में सवार कर नगर भ्रमण कराया गया ।डोल ग्यारस हिंदू धार्मिक ग्रंथो और मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया गया ।अनकवाड़ी मैं भी डोल पर्व मनाया गया ।

बच्चों को पॉक्सों और साइबर एक्ट की जानकारी दी

शिविर
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला न्यायालय ,मण्डलेश्वर (म.प्र.)

मंडलेश्वर। डूब प्रभावित गांव सुलगांव पथराड पंचायत के ग्रामीणों को विधिक साक्षरता शिवर के माध्यम से जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने विभिन्न कानूनी जानकारियां देते हुए बताया की प्राकृतिक आपदा के समय प्रशासन की जिम्मेदारी होती है कि वो प्रभावित के रहने खाने की व्यवस्था करे।शासकीय हाय स्कूल पथराड शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोगांवा एवं ग्राम सुलगांव के एक निजी हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देते हुए चंद्रेश मंडलोई ने बताया कि बच्चे मोबाइल का उपयोग सावधानी पूर्वक करे किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करे नहीं किसी तरह के गेम खेले इससे आपके पिता जी के बैंक अकाउंट से पैसे कट सकते है।बाल विवाह निषेध कानून के बारे में आपने बताया कि यदि कहीं 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की या 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी हो रही हो तो उसकी शिकायत विधिक सेवा कार्यालय आंगनवाड़ी या पुलिस थाने पर करे आपने पॉक्सो एक्ट मोटर व्हीकल एक्ट सहित अन्य कानूनों की जानकारी भी दी।पी एल वी दुर्गेश राजदीप जोजू मुरियाडन ने विधिक सेवा की जानकारी गई।इस अवसर पर प्राचार्य ललित भालसे सुधीर दापोरकर प्रधान पाठक एम आर गोयल सुखदेव पाटीदार रामेश्वर पाटीदार संजय पाटीदार वरुण पाटीदार सहित स्कूली शिक्षक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

गणेश चतुर्थी का उत्साह, हरित गणेशोत्सव को मिला बढ़ावा

नवभारत न्यूज

सनावद, निप्र। गणेश चतुर्थी का पर्व सनावद शहर में पूरे उत्साह और भक्ति के साथ शुरू हो चुका है। इस बार बाहेती कॉलोनी, गोपाल गौशाला के निकट पानी की टंकी क्षेत्र में गणेश स्थापना नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला के सहयोग और नगरपालिका की विशेष सुविधाओं के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर भक्तों ने भक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए हरित गणेशोत्सव की पहल को अपनाया है।

स्थानीय गणेश उत्सव समितियों ने मिट्टी की मूर्तियों और प्राकृतिक सजावट के उपयोग को बढ़ावा दिया है। पंडाल में मूर्ति निर्माण के लिए पूरी तरह से प्राकृतिक रंगों और सामग्रियों का उपयोग किया गया है, जबकि प्लास्टिक और हानिकारक रसायनों से परहेज किया गया है। समिति के अध्यक्ष इंदर बिरला ने बताया, हमारा उद्देश्य बप्पा का आशीर्वाद प्रकृति के संरक्षण के साथ जोड़ना है। इस साल हमने पर्यावरण-अनुकूल उत्सव पर विशेष ध्यान दिया है।

विभिन्न पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

शहर के विभिन्न पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। भक्त श्री दुर्गाशंकर पाटीदार ने कहा, हम बप्पा से प्रार्थना करते हैं कि वे हमें पर्यावरण के प्रति और जिम्मेदार बनाएं। समिति के सदस्यों अमित कोचर, आनंद मौर्य, निखिल जायसवाल, मयूर बनहानी, डॉ. वंदना अधिकारी,रश्मि पाटीदार, डॉ. वीरेंद्र मंडलोई, दशरथ जायसवाल, नीलेश पुनासिया और संजय पाटीदार के योगदान की सराहना की गई।

गणेश उत्सव 10 दिनों तक चलेगा और 06सितंबर को विसर्जन के साथ संपन्न होगा। समिति ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे उत्सव को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाएं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन

बिस्टान निप्र। धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव गांव व आसपास के क्षेत्र में गणेशउत्सव उत्साह से मनाया जा रहा है । रोजाना शाम को विभिन्न गणेश मंडलों द्वारा पंडालों में भगवान की पूजा के साथ सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जा रही है । हताई चौक गणेश मंडल, टाटिया मोहल्ला गणेश मंडल , स्कुल चौक गणेश मंड़ल नवलपुरा गणेश मंड़ल ,सहित अन्य गणेश मंडलों के पंडालों में विद्युत सजावट की गई है । आसपास के गांव में भी गणेश उत्सव समितियां द्वारा प्रतिदिन आरती भजन मंडलियों व विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है । बड़ी संख्या में भक्त्त पंडालो में भगवान के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं ।

स्कूल में मना गणेशोत्सव, नन्हें बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

खरगोन। शहर के बाकी माता मंदिर क्षेत्र में संचालित हो रही किड्स प्लेस स्कूल में बुधवार को गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों की दक्षता को परखा गया। स्कूल संचालिका दीपाली परसाई ने बताया कि स्कूल में विराजित बप्पा की प्रतिमा का बच्चों ने पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उनके लिए चॉकलेट रेस, फॉग रेस, थैला रेस जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। बच्चों को श्री गणेशजी को ज्ञान-बुद्धि का देवता और प्रथम पूज्य देव क्यों कहा जाता है, इसकी कथा भी सुनाई गई। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को गणेशोत्सव का महत्व और धर्म से जोड़े रखने के लिए किया गया।

बारिश के बीच शिक्षक साथी के लिए मांगा न्याय

मप्र शिक्षक संघ ने कदवाली प्रभारी प्राचार्य को जेल भेजन पर की एसआईटी जांच की मांग

नवभारत न्यूज

खरगोन। जिले की कदवाली हाईस्कूल में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य हजारीलाल बघेल पर छेड़छाड़ के आरोपों में हुई एफआईआर मामले में विरोध के स्वर मुखर हुए है। बुधवार को बारिश के बीच मप्र शिक्षक संघ ने अपने साथी के लिए न्याय की गुहार लगाई। शिक्षक श्री बघेल को छेड़छाड के आरोप में एफआईआर दर्ज करने के साथ ही न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में शिक्षक पर लगे आरोपों के खिलाफ आवाज उठाते हुए मप्र शिक्षक संघ ने एसआईटी टीम से जांच कराने की मांग की है।

बड़ी संख्या में एसपी ऑफिस पहुंचे शिक्षकों ने एएसपी शकुंतला रुहल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संघटन की ओर से लछीराम इंगले, हीरालाल तिरोले, रमेशचन्द्र पाटीदार ने एएसपी को बताया कि कक्षा 10 वीं की एक छात्रा आधार अपडेट कराने के लिए अपने काका की लड़की को साथ लेकर आई तो उसे कहा कि पिता के फिंगर भी लेना पड़ेगा, तब शिक्षक बघेल ने अपने ही मोबाइल से लड़की के पिता को फोन लगाकर स्कूल बुलाया। फिंगर लगाकर दोनो वापस चले गए। उसके बाद लड़की के फिंगर लेकर ऑपरेटर प्रोसेस करता रहा और शिक्षक श्री बघेल अपने ऑफिस में चले गए। इस प्रक्रिया के दौरान स्टॉफ के सदस्य मौजूद थे।

ज्ञापन में आरोप लगाया कि पुलिस रिपोर्ट में जिस तरह समय और घटना का जिक्र किया, उस समय घटना बिल्कुल भी नही हुई। इससे स्पष्ट होता है कि यह एक षड्यंत्र है, शिक्षक को बदनाम करने की साजिश है। कतिपय लोग दूसरे दिन पहले शिक्षक के साथ मारपीट करते है, माफी नामा लिखवाते है और बाद में एफआईआर भी कराते है। इस घटना में लगता है पुलिस प्रशासन ने दबाव में आकर बिना किसी जांच पड़ताल के एफआईआर की है। इतना ही नही शिक्षक को तत्काल गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया। इस दौरान संतोष पटेल, नरेंद्र चौहान, मनोहर राठौड़ आदि ने एसपी से मांग की है कि प्रकरण में एसआईटी गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

जय सरदार सेना ने महेश पाटीदार महेश्वर को सौंपी खरगोन जिले की कमान, बनाया जिलाध्यक्ष

महेश्वर, निप्र। पाटीदार समाज के सशक्त संगठन जय सरदार सेना ने खरगोन जिले में संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महेश पाटीदार महेश्वर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण फैसला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रतन लाल पाटीदार की अनुशंसा पर लिया गया है, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष पटेल पाटीदार ने अनुमोदित किया है।?इस नियुक्ति के साथ, महेश पाटीदार को जिले में समाज सेवा और संगठन के विस्तार की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति का मुख्य आधार उनकी मेहनत, समाज के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण को बताया गया है।

समाज के प्रमुखों ने दी बधाई : महेश पाटीदार की नियुक्ति पर पाटीदार समाज के विभिन्न संगठनों के प्रमुखों और गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। इनमें पाटीदार समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष गुलाबचंद पाटीदार, उमिया माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष गणेश पाटीदार, और राजेंद्र पाटीदार (बडवेल) , बाबूलाल वकील (पेटलावद), कृष्ण पाटीदार (मोगवा), श्याम हणोतिया (करौंदिया), डॉ. धर्मेंद्र पाटीदार, सुरेश पाटीदार, दुर्गेश पाटीदार, और विनोद कालेश्वर सहित सेकड़ो लोगो ने महेश पाटीदार को शुभकामनाएं दी हैं।

इंजेक्शन लगाने के बाद छात्र की संदिग्ध मौत

परिजनों ने छात्रावास प्रबंधन सहित चिकित्सक पर की कार्रवाई की मांग

खरगोन। जिले के बलकवाड़ा सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के एक छात्र की उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद छात्रावास प्रबंधन सहित स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। बुधवार सुबह छात्र के शव का पीएम कराया गया। इस मामले में छात्र के परिजनों ने छात्रावास प्रबंधन सहित चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी अनुसार कक्षा 11वीं के छात्र सुरेश पिता मुकेश कौर निवासी भोपालपुरा को सर्दी-जुकाम की शिकायत के बाद छात्रावास प्रबंधन गांव के ही निजी क्लिनिक पर उपचार के लिए भेजा था। जहां इंजेक्शन लगाने के बाद बालक बेहोश हो गया। बालक की बिगड़ती हालत देख छात्रावास प्रबंधन के भी हाथ-पैर फूल गए और आनन- फानन में छात्र को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे सुरेश के पिता मुकेश कौर ने आरोप लगाया कि छात्रावास प्रबंधन ने बेटे के उपचार में लापरवाही बरती, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में छात्रावास प्रबंधन सहित इंजेक्शन लगाने वाले चिकित्सक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाना चाहिए। छात्रावास के बालक की मौत के बाद जनजातिय कार्य विभाग सहित स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग भी अलर्ट हो गया। स्वास्थ्य महकमे के अनुसार विभागीय स्तर पर क्लिनिक संचालन अनुमति सहित चिकित्सक की डिग्री की जांच भी की जाएगी।

कपास विक्रय के लिए कपास किसान मोबाइल ऐप पर कर सकते हैं पंजीकरण

खरगोन। भारतीय कपास निगम लिमिटेड द्वारा कपास किसानों की सुविधा के लिए कपास किसान नामक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित की गयी हैं। इस एप्लीकेशन के माध्यम से किसान कपास सीजन 2025-26 के लिए न्युनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत आधार आधारित स्वयं पूर्व पंजीकरण कर कपास विक्रय कर सकेगें।

कृषि उपज मण्डी भीकनगांव सचिव ने बताया कि कपास किसान एप 30 अगस्त 2025 से गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल आईओएस पर उपलब्ध हैं। स्व पंजीकरण की प्रक्रिया 01 सितम्बर से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर 2025 तक जारी रहेगी। इस एप्लीकेशन पर पंजीकरण के लिए किसान के पास वैध भूमि अभिलेख जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो। कपास फसल की बुवाई क्षेत्र से संबंधित जो स्थानीय राजस्व विभाग/कृषि विस्तार विभाग द्वारा प्रमाणित हो। आधार कार्ड जिसमें मोबाईल नंबर अपडेट हो एवं बैंक खाते से आधार सीडिंग हो गई हो।

किसी ने छाता लिए तो किसी ने भीगते हुए किए दर्शन, डोल ग्यारस पर निकला ठाकुरजी का डोला

नवभारत न्यूज

खरगोन। जल झूलनी एकादशी उत्सव पर शहर की ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में ठाकुरजी को आकर्षक डोले में विराजमान कर गाजे.बाजे के साथ भ्रमण कराया। श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर से आकर्षक झांकी के रुप में पालने में विराजित ठाकुर के डोले की शुरुआत की गई। बाजे.गाजे के साथ कॉलोनी सहित आसपास की कॉलोनी में डोले को भ्रमण कराया गया, इस दौरान भजन- कीर्तन के साथ ही गरबा नृत्य कर आराध्य देव के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रस्तुत की।

मंदिर समिति के श्याम बड़ोले ने बताया कि दोपहर 3 बजे से यशोदा माता की सूरज पूजा (जलवाय) की परंपरा निभाई गई। शाम 5.30 बजे डोले की शुरुआत हुई। डोला निकलते ही बारिश भी शुरु हो गई। मानो इंद्रदेव भी भगवान का अभिषेक करने को आतुर नजर आए। डोले में शामिल भक्तों की आस्था बारिश में भी बरकरार रही और भीगते हुए डोले को भ्रमण कराया गया। डोले का जगह.जगह पर स्वागत-सत्कार किया गया। किसी ने भीगते हुए तो किसी ने छाता लेकर ठाकुरजी के दर्शन-पूजन किए। भक्तजन भजन, कीर्तन, गीत गाते हुए खुश होकर मस्ती मे झुमते नजर आए। करीब तीन घंटे भ्रमण के बाद वापस मंदिर में डोले का विसर्जन किया गया। महाआरती के बाद विजय पाटीदार की ओर से भक्तों में फलाहारी खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया।

एक नजर में

महेश्वर थाने से विदाई

समारोह में दो पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

महेश्वर। महेश्वर पुलिस थाने में आज एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दो कर्मठ और मिलनसार पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई।

यह समारोह थाने में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार चौधरी के उज्जैन तबादले और नगर सैनिक गोकुल वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित किया गया था। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी जगदीश गोयल और समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर सभी ने दोनों पुलिसकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने आरक्षक सुनील चौधरी और नगर सैनिक गोकुल वर्मा को शॉल और श्रीफल भेंट कर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया।आरक्षक सुनील कुमार चौधरी हाल ही में मंडलेश्वर से महेश्वर स्थानांतरित हुए थे। अपनी सेवा के दौरान उन्होंने महेश्वर और आसपास के क्षेत्रों में अपनी कर्तव्यनिष्ठा और मिलनसार व्यवहार के लिए पहचान बनाई। हर कार्य को बखूबी निभाने वाले सुनील चौधरी को उनके उज्जैन तबादले पर मंडलेश्वर और महेश्वर सहित आसपास के लोगों ने बधाई दी है।

!! त्वदीयपादपङ्कजं नमामी देवी नर्मदे !! (महिष्मती-महेश्वर)

साथियों को नए सफर की शुभकामनाएं दी

नगर सैनिक गोकुल वर्मा ने भी अपनी पूरी सेवा के दौरान समर्पण और अनुशासन का परिचय दिया। उनकी सेवानिवृत्ति पर पूरा थाना स्टाफ उनके योगदान को याद कर रहा है। थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने कहा कि दोनों पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी और लगन से निभाया है। उन्होंने उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। इस विदाई समारोह में सभी पुलिसकर्मियो ने अपने साथियों को नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।